राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जारी किए नियुक्ति आदेश

सेवानिवृत न्यायाधीश श्री गंगाराम मूलचंदानी मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी श्री अशोक गुप्ता मानवाधिकार आयोग के सदस्य नियुक्त

जयपुर, 27 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सेवानिवृत न्यायाधीश श्री गंगाराम मूलचंदानी को राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी श्री अशोक गुप्ता को सदस्य के रूप में नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।

राज्यपाल ने राजस्थान मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993,(मानवाधिकार संरक्षण, (संशोधन) अधिनियम 2019 अधिनियम संरक्षण 19, 2019 द्वारा संशोधित) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन दोनों को पद धारण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो के लिए यह नियुक्ति की है।

———–